SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS: B.A. Part Ist (Hons.), PAPER: IInd, UNIT: IIIrd

TOPIC:- CHINA - PHYSIOGRAPHY

BY:- Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography,
D. B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga.

LECTURE No. 35 (Email:- sanjaykumar.phd@gmail.com)

एशिया के पूर्वी भाग में स्थित चीन 18° उत्तरी अक्षांश से लेकर 53° उत्तरी अक्षांश तक तथा 74° पूर्वी देशान्तर से लेकर 134° पूर्वी देशान्तर के मध्य फैला हुआ है। इस प्रकार इसका अक्षांशीय विस्तार 35° अक्षांशों में तथा देशान्तरीय विस्तार 60° देशान्तर में है। इसकी उत्तर से दक्षिण लम्बाई 5,500 k.m. तथा पूरब से पश्चिम चौड़ाई 5000 k.m है। इस देश का क्षेत्रफल 9572900 वर्ग k.m. है। बीजिंग इस देश की राजधानी है। चीन के उत्तर में रूस, मंगोलिया; दक्षिण में हिन्दचीन, बर्मा तथा भारत; पूरब में कोरिया तथा प्रशान्त महासागर तथा पश्चिम में रूस, अफगानिस्तान तथा भारत स्थित है।

धरातल की रूपरेखा —

चीन एक पर्वतीय तथा पठारी प्रदेश है। चीन की 47% भूमि पर पर्वत, 41% भूमि पर पठार तथा 11% भूमि पर मैदान फैले हुए हैं। इस प्रकार चीन का 88% भाग पर्वतों एवं पठारों से ढंका हुआ है। ये पर्वत श्रेणियाँ चीन में पश्चिम से पूरब की ओर फैली हुई हैं। चीन में पर्वत श्रेणियों के तीन मुख्य क्रम हैं:-

पर्वत श्रेणियों — के तीन मुख्य क्रम :-

(i) प्रथम पर्वत श्रेणी क्रम उत्तरी भाग में है। इस पर्वत क्रम में श्रेणियाँ तियेनशान पर्वत से प्रारम्भ होकर तियेनशान, महान खिंगन तथा लघु खिंगन में फैली हुई हैं। इस पर्वत क्रम में तियेनशान सबसे प्रमुख पर्वत है। यह चीन के

Scanned with CamScanner

उत्तरी - पश्चिमी भाग में सबसे ऊपर स्थित है। यह पर्वत तारिम बेसिन को घेरे हुए है। इस पर्वत की औसत ऊँचाई 2200 मीटर है।

(ii) दूसरा पर्वतश्रेणी क्रम पामीर की गाँठ से निकलकर कुनलुनशान, अल्टाइनटाग, नानशन, सिंगालिंगशान पर्वत श्रेणियों के रूप में फैला हुआ ताइवान श्रेणी तक समाप्त हो जाता है। यह पर्वत क्रम चीन के लगभग मध्य भाग में फैला है। सिंगालिंगशान चीन के अन्य सभी पर्वतों में महत्वपूर्ण पर्वत है। यह चीन के मध्य भाग में हृदय के रूप में फैला हुआ है। यह पर्वत श्रेणी की औसत ऊँचाई 1500 मीटर है।

(iii) तीसरा पर्वत श्रेणी क्रम पामीर से निकलने वाली हिमालय पर्वत श्रेणियों से लेकर नानलिंगशान पर्वत श्रेणी के रूप में फैला हुआ है। यह क्रम लगभग चीन के दक्षिणी भाग में फैला हुआ है। इसमें मुख्य पर्वत श्रेणी नानलिंगशान है। यह पर्वत यांगटिसीक्यांग के मध्य विस्तृत है।

NOTE:- चीन के पठारी, मैदानी स्थल रूपो की व्याख्या, Lecture no.- 36 में देखें।

Scanned with CamScanner